मूल्य : एक रुपया



Kay2 STEEL

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

JUNE ,2018

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–2, अंक–06

E mail: info@kay2steel.com

follow us on

# दिल्ली में भव्य चैनल पार्टनर्स सम्मेलन का आयोजन

किसी भी कंपनी की सफलता में उसके सहयोगियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। Kay2 स्टील लिमिटेड में इस बात का ख़ास ख़्याल रखा जाता है कि उसके सभी सहयोगियों से कंपनी का निरंतर संवाद हो और विचारों का आदान–प्रदान हो। अपने चैनल पार्टनर्स के साथ अपने संबंधों को और प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से कंपनी द्वारा 16 जून, 2018 को दिल्ली के विवांता ताज होटल में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली और हरियाणा के 300 से अधिक चैनल पार्टनर्स को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए इसमें कंपनी के डायरेक्टर्स श्री सुनील अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों – श्री दिलीप मेहरा, सीनियर जीएम, श्री अमित सोनी, एजीएम ब्रांडिंग, श्री सुशील भारद्वाज, एजीएम मार्केटिंग, श्री सुशील पांडेय, श्रीमति कविता मिश्रा, सीनियर मैनेजर, श्री समीर गुप्ता, सीनियर मैनेजर, श्री हरीश गौतम, सीनियर मैनेजर और श्री पुनीत अरोड़ा, मैनेजर ब्रांड प्रमोशन ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में श्री सुनील अग्रवाल और श्री सचिन अग्रवाल ने चैनल पार्टनर्स को कंपनी के उत्पादों की ख़ूबियों, वार्षिक लक्ष्यों और दीर्घकालीन लक्ष्यों से अवगत कराया। उन्होंने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चैनल पार्टनर्स को प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें मंज़िल तक पहुंचने का रास्ता भी दिखाया। उन्होंने चैनल पार्टनर्स को विश्वास दिलाया कि कंपनी की सफलता में सहयोग करने वाले हर एक सहयोगी की आर्थिक सफलता सुनिश्चित करना कंपनी का दृढ संकल्प है।


इस मौके पर कंपनी द्वारा चैनल पार्टनर्स को उनके वर्तमान के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत करने के साथ भविष्य की नई योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी गई। कंपनी के अधिकारीगण ने विभिन्न विषयों पर प्रसेंटेशन दी ताकि सभी चैनल पार्टनर्स के साथ कंपनी के संबंध और भी मज़बूत हो सकें। इस सम्मेलन के दौरान अनेक मनोरंजक कार्यक्रम और प्रस्तुतियां भी हुईं।

कार्यक्रम में संवाद के दौरान चैनल पार्टनर्स से अपने अनुभवों और समस्याओं को भी साझा किया। सभी का मानना था कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से उनकी कंपनी, उसके उत्पादों तथा उसकी नीतियों के बारे में समझ बेहतर होती है और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने में सहायता मिलती है। इस तरह के कार्यक्रमों से परस्पर संबंधों में विश्वास बढ़ता है और निरंतर प्रयासरत रहने की ऊर्जा मिलती है।





Kay2 स्टील लिमिटेड ने अपने चैनल पार्टनर्स को आश्वस्त किया कि वह हर स्तर अपने सहयोगियों की मदद के लिए तत्पर रहेगी। कंपनी अपने सहयोगियों के साथ अपने संबंधों को अपनी जमा पूंजी मानती है और वह भविष्य में उसे और बढ़ाने के लिए हमेशा ऐसे ही कोशिश करती रहेगी। ■



# देश के विभिन्न स्थानों पर Kay2 द्वारा कांट्रेक्टर और मेसन सम्मेलनों का आयोजन



देश भर में निर्माण कार्यों में मज़बूती लाने की प्रतिबद्धता के साथ Kay2 स्टील लिमिटेड द्वारा राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में पिछले 3 महीनों में अनेक कांट्रेक्टर और मेसन सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों का उद्देश्य भवन निर्माण के काम को अंजाम देने वाले मिस्त्रियों और





ठेकेदारों को भवन निर्माण की बारीकियों के बारे में जागृत करना और अपनी तकनीकी उत्कृष्टता के आधार पर Kay2 टीएमटी से जोड़ना था। इस क्रम में 15 फरवरी, 2018 को सुमेरपुर, राजस्थान में डीलर श्री साशाराम जी और श्री अर्जुन जी के सहयोग से विनायक स्टील पर कांट्रेक्टर और मेसन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री संजय अग्रवाल और अधिकारी श्री नीरज शर्मा मौजूद रहे। सम्मेलन में कुल 100 मिस्त्रियों ने शिरकत की। छत्तीसगढ़ के डोंगरगांव में बाहुबली हार्डवेयर पर 22 फरवरी, 2018 को कांट्रेक्टर और मेसन सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में डीलर श्री नीलेश जैन, डिस्ट्रीब्यूटर श्री विवेक जिंदल के साथ कंपनी के अधिकारी श्री ज्ञान प्रकाश और एजीएम श्री सोमेश भट्टाचार्य मौजूद थे, जिन्होंने मिस्त्रियों के ज्ञानवर्धन के लिए प्रसेंटेशन भी दी।

कर्नजागांव, महाराष्ट्र में 16 मार्च, 2018 को सागर एजेंसीज़ पर कांट्रेक्टर और मेसन सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें कंपनी के अधिकारी श्री एकेश्वर साहू द्वारा मिस्त्रियों को Kay2 टीएमटी की तकनीकी विशेषताओं के बारे में अवगत कराया गया। सम्मेलन में 57 मिस्त्रियों की उपस्थिति रही। डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनुराग खेमका और डीलर श्री नाना चौधरी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। श्री कृष्ण बिल्डिंग मैटीरियल्स कुंभाराज, जिला गुना, मध्य प्रदेश में 26 मार्च, 2018 को 60 से अधिक मिस्त्रियों और ठेकेदारों को Kay2 टीएमटी के बारे में शिक्षित किया गया। सम्मेलन में डिस्ट्रीब्यूटर श्री अमन अग्रवाल सहित कंपनी के अधिकारी श्री प्रवीण पचोली, श्री आनंद मणि शुक्ला और श्री पुष्पेंद्र सिंह उपस्थित रहे। 6 अप्रैल, 2018 को इसी टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ के राजगढ़ जिले में गोयल इन्फ्रा, बीनागंज पर 50 मिस्त्रियों की उपस्थिति में इसी तरह के सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। 7 अप्रैल को डिस्ट्रीब्यूटर श्री उमेश शीतल की उपस्थिति में इन्हीं अधिकारियों ने प्रदीप ट्रेडर्स, विदिशा में एक और सम्मेलन सम्पन्न किया जिसमें 45 मिस्त्रियों ने भाग लिया। एक अन्य मेसन और कांट्रेक्टर सम्मेलन का आयोजन सरस्वती स्टील, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ पर हुआ। इस सम्मेलन में डीलर श्री गुड्डू मिश्रा, डिस्ट्रीब्यूटर श्री भरत बजाज और कंपनी के अधिकारी श्री प्रशांत केशरवानी ने Kay2 स्टील लिमिटेड का प्रतिनिधित्व किया और लगभग 50 मिस्त्रियों को इसके उत्पादों की तकनीकी विशेषता से अवगत कराया। गुजरात के खम्भात, जिला आनंद में 26 जून को कांट्रेक्टर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 कांट्रेक्टरों उपस्थित रहे। Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से श्री पंकज पांचाल, सीनियर एक्ज़ीक्यूटिव, श्री नीलेश, डिस्ट्रीब्यूटर एक्ज़ीक्यूटिव और स्थानीय डीलर मैसर्स श्री विश्वकर्मा हार्डवेयर की ओर से श्री जिग्नेश मिस्त्री मौजूद रहे। कंपनी के अधिकारियों ने उपस्थित कांट्रेक्टरों को न सिर्फ़ Kay2 टीएमटी के विशेषताओं और उपयोग के बारे में जानकारी दी, बल्कि कांट्रेक्टरों के सभी सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान करके कंपनी और उसके उत्पादों के प्रति विश्वसनीयता में भी इज़ाफ़ा किया।

सभी स्थानों पर सम्मेलन में भाग लेने आए मिस्त्री Kay2 टीएमटी के तकनीकी फ़ायदे जानकर बहुत संतुष्ट हुए और भविष्य के निर्माण कार्यों में इसके उपयोग का संकल्प किया। सभी डीलरों और डिस्ट्रीब्यूटरों ने इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की और कंपनी से प्रत्येक छमाही ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपील की। ■

# अंजोनगांव में इंजीनियर्स ने जानी Kay2 टीएमटी की तकनीकी विशेषताएं



भारत के सबसे तेजी से बढ़ते टीएमटी ब्रांड्स में शुमार Kay2 स्टील लिमिटेड द्वारा महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में जिला अमरावती के अंजोनगांव सूरजी में एक इंजीनियर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य क्षेत्र के इंजीनियर्स को Kay2 टीएमटी की तकनीकी विशेषताओं से अवगत कराना था। इंजीनियर्स के सामने ठोस साक्ष्यों और उदाहरणों के साथ Kay2 टीएमटी के फ़ायदों को सिद्ध किया गया। इसके लिए श्री एकेश्वर साहू के द्वारा एक प्रसेंटेशन दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी इंजीनियर्स ने Kay2 स्टील लिमिटेड के इस सम्मेलन की तहे दिल से सराहना की। सभी इंजीनियर्स ने माना कि इस सम्मेलन में भाग लेने से उन्हें भवन निर्माण से संबंधी बारीकियों को और अधिक गहराई से समझने का अवसर मिला। यह उन्हें भविष्य में और अधिक मज़बूत और टिकाऊ भवन का निर्माण करने में समर्थ बनाएगा। सभी इंजीनियर्स ने Kay2 टीएमटी की तकनीकी उत्कृष्टता का लोहा माना और साथ ही आने वाले समय में अपने निर्माण कार्यों में Kay2 टीएमटी का उपयोग करने की इच्छा भी जताई।

इस सम्मेलन में Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से श्री एकेश्वर साहू के साथ डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनुराग खेमका और डीलर श्री शैलेष मांडवगडे उपस्थित रहे। श्री मांडवगडे ने शहर में इस तरह के सम्मेलन की हर वर्ष आयोजन के लिए कंपनी से अपील भी की। कंपनी उनकी इस अपील पर सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पिथौरा के मिनी आईपीएल में Kay2 की टीम की शिरकत



अप्रैल के महीने में जब पूरा देश आईपीएल के साथ क्रिकेट के रंग में सराबोर होने वाला था, उसी दौरान बसना, छत्तीसगढ़ की एक गैर सरकारी संस्था नीलांचल सेवा समिति द्वारा 5 से 13 अप्रैल तक आईपीएल की तर्ज पर पिथौरा क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने शिरकत की जिनमें से एक टीम की स्पोंसर Kay2 स्टील लिमिटेड थी। इस टीम का नाम Kay2 चैलेंजर था। प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचक रही। सभी टीमों ने अपनी क्षमता के अनुरूप बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता के आयोजन में डीलर श्री योगेंद्र अग्रवाल और डिस्ट्रीब्यूटर श्री भरत बजाज ने विशेष भूमिका निभाई। Kay2 स्टील लिमिटेड इस तरह की प्रतियोगिताओं को भविष्य में प्रोत्साहन देने का काम करती रहेगी। इससे देश और समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का प्रचार होता है।



# चंडीगढ़ में डीलर सम्मेलन का आयोजन

पंजाब और हिमाचल प्रदेश के डीलर भाईयों के साथ अपने संबंधों को नये मुकाम पर ले जाने के लिए Kay2 स्टील लिमिटेड द्वारा चंडीगढ़ के 'होटल ललित' में एक बड़ा डीलर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों राज्यों से पधारे 250 डीलरों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में Kay2 स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर पर चर्चा की। उन्होंने डीलरों से एक स्पष्ट रणनीति और निश्चित लक्ष्य के साथ काम करने की अपील की। श्री अग्रवाल ने डीलर बंधुओं को भरोसा दिलाया कि अगर हम मिलकर एक लक्ष्य को पाने के लिए काम करेंगे तो हम बड़े से बड़े काम को संभव बना सकते हैं। सफलता का फल हर एक सहयोगी तक पहुंचना निश्चित है। उन्होंने उपस्थित डीलर बंधुओं को बताया कि किस तरह अलग–अलग राज्यों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को कंपनी द्वारा पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने आने वाले समय में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए डीलरों से भी सुझाव मांगे।

इस अवसर पर डीलर बंधुओं ने भी अपने मुद्दों, समस्याओं और अनुभवों को श्री अग्रवाल व कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ साझा किया। सभी ने Kay2 ने माना कि कंपनी के उत्पाद गुणवत्ता में श्रेष्ठ होने के कारण कभी किसी ग्राहक से शिकायत नहीं आती और बल्कि वे बार–बार Kay2 टीएमटी की मांग करते हैं। इस तरह थोड़े से प्रयास से भी बड़े–बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना रहती है।

सम्मेलन में Kay2 स्टील लिमिटेड की ओर से श्री दीपक भाटिया, एजीएम, श्री नितिन जैन और श्रीमति कविता मिश्रा भी मौजूद थे। तीनों अधिकारियों ने श्री अग्रवाल की बातों को आगे बढ़ाते हुए डीलरों को विश्वास दिलाया कि जब भी उन्हें ज़रूरत होगी, कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। Kay2 टीएमटी के अधिकृत निर्माता वर्धमान आदर्श इस्पात प्रा. लि. के डायरेक्टर श्री अश्विनी गर्ग की भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

श्री अग्रवाल और अन्य अधिकारीगण की बातों से



श्री सुनिल अग्रवाल की मौजूदगी इस सम्मेलन के प्रति कंपनी की गंभीरता को दर्शाती है।

श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर बंधुओं को कंपनी की आगामी योजनाओं के बारे में बताया और उनके क्रियान्वयन में डीलरों से ज़रूरी भागीदारी के विषय स्टील लिमिटेड की इस बात के लिए सराहना करी कि कंपनी अपने सहयोगियों से संवाद करने के लिए निरंतर प्रयास करती है और उन्हें इस तरह का एक मंच प्रदान करती है जहां वे सीधे तौर पर अपनी बात कंपनी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचा पाते हैं। सभी डीलरों सभी डीलर बहुत प्रभावित और प्रोत्साहित हुए। इस कार्यक्रम से सभी डीलर एक नई ऊर्जा और संकल्प लेकर लौटे। आशा है कि भविष्य में इसके बेहतर परिणाम ज़रूर सबके सामने आएंगे। ■